उत्तर प्रदेश शासन

वित्त (लेखा परीक्षा) अनुभाग-2

संख्या-18/2016-आडिट-2-363/दस-2016-350(1)/2011

लखनऊ : दिनांक : 26 जुलाई, 2016

कार्यालय-ज्ञाप

उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग में 05 मण्डलों यथा मिर्जापुर, बस्ती, अलीगढ़, चित्रकूटधाम व देवीपाटन तथा नवसृजित 12 जनपदों यथा-औरैया, कन्नौज, बागपत, हापुड़, रामपुर, संभल, अमेटी, ललितपुर, शामली, पीलीभीत, संतकबीर नगर एवं कासगंज में विभागीय कार्यालय की स्थापना हेतु सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल महोदय तात्कालीक प्रभाव से एतदद्वारा उक्त मण्डलों एवं जनपदों में 'कार्यालयों की स्थापना' एवं उक्त कार्यालयों हेतु निम्नविवरणानुसार नये संवर्गीय अस्थायी पद निम्नलिखित शर्तो के अधीन आदेश निर्गत होने की तिथि से दिनांक 28 फरवरी, 2017 तक के लिए यदि उसके पूर्व समाप्त न कर दिये जायें, सृजित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

क्रमांक	पदनाम	वर्तमान में स्वीकृत पद	नवसृजित पद	कुल पद	वेतनमान
1	उप निदेशक	20	--	20	15600-39100 (वेतन बैण्ड-3) ग्रेड वेतन 6600
2	जिला लेखा परीक्षा अधिकारी/ सहायक निदेशक	95	12	107	15600-39100 (वेतन बैण्ड-3) ग्रेड वेतन 5400
3	सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी	67	05	72	9300-34800 (वेतन बैण्ड-2) ग्रेड वेतन 4800
4	वरिष्ठ लेखा परीक्षक	489	05	494	9300-34800 (वेतन बैण्ड-2) ग्रेड वेतन 4200
5	प्रधान सहायक	18	05	23	9300-34800 (वेतन बैण्ड-2) ग्रेड वेतन 4200
6	लेखा परीक्षक	163	02	165	5200-20200 (वेतन बैण्ड-1) ग्रेड वेतन 2800
7	आशुलिपिक	12	05	17	5200-20200 (वेतन बैण्ड-1) ग्रेड वेतन 2800
8	वरिष्ठ सहायक	120	29	149	5200-20200 (वेतन बैण्ड-1) ग्रेड वेतन 2800
9	कनिष्ठ सहायक	175	39	214	5200-20200 (वेतन बैण्ड-1) ग्रेड वेतन 2000
10	वाहन चालक	20	05	25	5200-20200 (वेतन बैण्ड-1) ग्रेड वेतन 2000
11	चपरासी	302	34	336	5200-20200 (वेतन बैण्ड-1) ग्रेड वेतन 1800
12	चौकीदार	81	17	98	5200-20200 (वेतन बैण्ड-1) ग्रेड वेतन 1800
13	जल वाहक/फर्राश	12	05	17	5200-20200 (वेतन बैण्ड-1) ग्रेड वेतन 1800

-2/-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

2- उप निदेशक के 20 पदों में से 18 मद मण्डलों हेतु तथा 01 उप निदेशक (मुख्यालय) हेतु एवं 01 पद उप निदेशक को प्रधानाचार्य प्रशिक्षण संस्थान के पद पर तैनात किये जाने हेतु चिन्हित किया गया है।

3- जिला लेखा परीक्षा अधिकारी/सहायक निदेशक के उक्तानुसार सृजित 12 नये पदों को सम्मिलित करते हुए इस संवर्ग में कुल 107 पद उपलब्ध हो जायेंगे। इन चिन्हित 107 पदो में से 02 पर प्रवक्ता के लिए एवं 75 जिलों में 75 पद जिला लेखा परीक्षाधिकारियों के लिए तथा शेष को शीर्ष संस्थाओं में संवर्ती संपरीक्षा हेतु कार्यात्मक आवश्यकता के आधार पर तैनात किया जायेगा। इन शेष पदों तथा उक्त तालिका के क्रमांक-3 से 13 तक अंकित पदों के चिन्हांकन का सुविचारित प्रस्ताव निदेशक द्वारा शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

4- उक्त नवसृजित पदों की निरन्तरता भविष्य में आवश्यकतानुसार बढ़ायी जायेगी तथा उक्त पदों का समावेश संबंधित सेवा नियमावली में कर लिया जायेगा।

5- उपर्युक्तानुसार सृजित वेतन आदि का व्यय भार अनुदान संख्या-65 के सुसंगत लेखाशीर्ष/ मदों के अन्तर्गत वहन किया जायेगा।

राहुल भटनागर
प्रमुख सचिव।

संख्या-18/2016-आडिट-2-363(1)/दस-2016-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल/मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
4- प्रमुख स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
5- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, छठवॉ तल, संगम प्लेस, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद।
6- निदेशक, अधिष्ठान पुनरीक्षण ब्यूरो, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
7- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग'1/2, उ0प्र0 शासन।
8- वैभागीक आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

(सुखद राम पाण्डेय)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।